एक नजर में

## हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ आज

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में मंगलवार रात्रि को 8 बजे महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ होगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि प्रति मंगलवार एवं प्रति शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा वर्ग शामिल होते है। महा आरती के बाद प्रसाद का वितरण होता है। इस कार्यक्रम का मकसद युवाओ को जोड़ना है।

## सिद्ध विजय गणेश का नित्य नूतन श्रृंगार



इंदौर. मरीमाता चौराहा स्थित श्री सिद्ध विजय गणेश मंदिर पर दिनोंदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है. भारी वर्षा हो या रिमझिम, भक्तों के उत्साह पर कोई फर्क नजर नहीं आ रहा. प्रतिदिन रात्रि को 7 बजे बाद से ही मंदिर पर श्रृंगार दर्शन, आरती, अभिषेक एवं प्रसाद के लिए हजारों भक्तों की भीड़ बनी रहती है. सोमवार को भी 25 हजार से अधिक दर्शकों ने सिद्ध विजय गणेश की पूजा-अर्चना की. राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, गुप्त काशी स्थित विद्याधाम मंदिर के ब्रह्मचारी आचार्य पं. प्रशांत अग्निहोत्री, भाजपा नेता दीपेन्द्रसिंह सोलंकी आदि ने विधायक गोलू शुक्ला के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. मंदिर परिसर में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार की रात को तेजाजी की कथा सुनने के लिए देर रात तक हजारों श्रोता डटे रहे. उधर प्रतिदिन मंदिर के पुजारी पं. प्रेमनारायण शास्त्री, पं. महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा के निर्देशन में भगवान के नित्य नूतन श्रृंगार का सिलसिला पहले दिन से ही चल रहा है। पं. चिराग तिवारी यहां प्रतिदिन गणेशजी का मनोहारी श्रृंगार कर रहे हैं। आज भी श्रृंगार दर्शन के लिए हजारों भक्तों ने कतारों में लगकर दर्शन किए। महिला एवं पुरूषों के लिए यहां पृथक-पृथक कतारों में दर्शन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बीती रात मथुरा की श्रीमती लक्ष्मी पांडे और उनके साथियों ने अपनी प्रस्तुतियों से हजारों भक्तों को देर रात तक बांधे रखा, जबकि आज की रात तेजाजी की कथा के नाम रही। मंगलवार को भी रात 8 बजे से यहां तेजाजी की कथा होगी तथा सिद्ध विजय गणेशजी का अनूठा मनोहारी श्रृंगार होगा।

## समाजसेवियों का सम्मान किया



इंदौर. अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज की युवा शाखा ने 8 जिलों में प्रदेश पदाधिकारी, और शहर अध्यक्ष सहित अन्य पदों पर पदाधिकारी बनाएं, प्रमाण पत्र वितरित भी किए. विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 10 से ज्यादा समाजसेवियों का सम्मान किया. युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष कमल पुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी में देवास से सुरेंद्र गिरी प्रदेश उपाध्यक्ष, शिवपुरी सेश्री मंगल पुरी प्रदेश उपाध्यक्ष, विनोद गिरि रतलाम जिला अध्यक्ष हरिओम पूरी गुना जिला अध्यक्ष जयराम गिरी खरगोन जिला अध्यक्ष विष्णु गिरी राजगढ़ जिला अध्यक्ष, गोविंद गिरी शिवपुरी जिला अध्यक्ष मुकेश गिरी देवास जिला अध्यक्ष, इंदौर जिले की भी कार्यकारिणी गठित की गई कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक भारती महासचिव नागेश पुरी उपाध्यक्ष पवन भारती मंत्री कुणाल पूरी दीपक वन को नियुक्त किया। प्रमाण पत्र भी वितरित किए. समाज के लिए गौरव करने योग्य कंचन लता गोस्वामी, पुलिस विभाग दिलीप पूरी, पुलिस विभाग ओपी गिरी, चिकित्सा प्रकाश पुरी, चिकित्सा वंदना भारती, प्रोफेसर भागेश गिरी, चिकित्सा रत्नेश पुरी योग, सुधीर भारती राजनीतिक कमल गिरी पत्रकारिता, गोपाल गिरी भागवत कथा, संजय पुरी सामाजिक क्षेत्र में रतलाम श्रीपुरम पुरी कृषकस हरि ओम पुरी राष्ट्रपति पदक शिवपुरी, सहित अन्य समाजसेवियों का सम्मान किया. सभी को समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गिरी ने सम्मानित किया.

## रांगोली से पंचपरमेष्ठी सैटेलाइट मंडलजी का निर्माण



इंदौर. पर्यूषण पर्व के अंतर्गत धूप दशमी के अवसर पर पंचपरमेष्ठी सैटेलाइट मंडलजी का निर्माण श्री नेमिनाथ नवरंग मंडल के नरेश जैन, सोनल जैन, शुभम जैन, शिखा जैन, संगीता जैन एवं अनुज जैन ने छावनी स्थित अनंतनाथजी जिनालय में किया, .मंडलजी में पंचपरमेष्ठी एवं 16 कारण धर्म द्वारा रत्नत्रय रूपी तरंगे टावर को प्रेषित कर 10 लक्षण रूपी क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शोच संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य एवं ब्रह्मचर्य की 10 तरंगे पृथ्वी पर मनुष्य द्वारा प्राप्त कर उनका आलंबन लेकर मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है. अध्यक्ष एम के जैन ने बताया कि मंडलजी का शुभारंभ 2 सितंबर को किया जाएगा एवं श्रद्धालु श्रावक अनंत चतुर्दशी तक अवलोकन कर सकते हैं. मेनरोड वाले मंदिर मे अन्तर और बाहर विशेष विद्युत सज्जा की गयी है.

## अग्रोहा धाम से अभिमंत्रित ध्वजा बुलावाई गई



इंदौर. अग्रवाल समाज हाई-वे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती इस बार भी धूमधाम से मनाई जाएगी, जिसमें हाईवे क्षेत्र की 26 कालोनियों के 500 से अधिक परिवार उत्साहपूर्वक शामिल होंगे. वरुण विक्ट्री परिसर पर आयोजित बैठक में अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया गया। इसके तहत शुक्रवार, 19 सितम्बर को सुबह 6 बजे भव्य प्रभात फेरी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें अग्रोहा धाम से बुलवाई गई अभिमंत्रित ध्वजा भी मुख्य रूप से शामिल रहेगी। अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे. संस्था के प्रमुख अरविंद बागड़ी एवं मनीष अग्रवाल मन्नू ने बताया कि अग्रवाल समाज हाई-वे क्षेत्र पालदा की इस बैठक में विकास मित्तल विक्की, संजय अग्रवाल बेसन, अंकुर अग्रवाल पालदा, मनीष सिंघल, अनिल अग्रवाल, भावेश अग्रवाल संस्कृति पाम, सचिन मंगल, सतीश अग्रवाल, सतीश गोयल पालदा, पवन गोयल, राजेन्द्र गुप्ता, प्रियेश अग्रवाल, ओमप्रकाश ऐरन, सतीश ऐरन, अशोक गोयल माउंट, दिलीप नरेड़ी एवं राजकुमार गुप्ता सहित विभिन्न कालोनियों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए. शीतल तोड़ीवाला ने भी जयंती महोत्सव को उत्साह के साथ मनाने की बात कही. निर्णय लिया गया कि 19 सितम्बर को निकलने वाली प्रभातफेरी में महाराजा अग्रसेन की 21 फीट की ध्वजा जो, अग्रोहा धाम से अभिमंत्रित करके बुलवाई गई है, का पूजन करके ध्वजा यात्रा निकाली जाए, जिसमें महाराजा अग्रसेन का रथ भी शामिल रहेगा.

## छावनी में ऑपरेशन सिंदूर की रंगोली रचना होगी

इंदौर. धूप दशमी के अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर छावनी में 500 फीट के विशाल मंच पर रंगोली द्वारा रचना की जा रही है. श्री नेमिनाथ नवरंग मंडल के कलाकारों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को 10 लक्षण धर्म रत्नत्रय एवं सिद्ध शिला से संबंध कर एवं धर्म विमान द्वारा प्रक्षेपित धर्म रूपी मिसाइल से क्रोध, मान, माया, लोभ आदि पापों का विध्वंस दर्शाया गया है. मंडल के अध्यक्ष एमके जैन, संगीता जैन, शिखा जैन ने बताया कि 2 सितंबर को दोपहर 11 मंडलजी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया जाएगा अनंत चतुर्दशी तक मंडलजी का अवलोकन किया जा सकता है. दिगंबर जैन समाज की संसद द्वारा आयोजित मंडल प्रतियोगिता में पंचायती मंदिर छावनी को पिछले 3 वर्षों से लगातार प्रथम पुरस्कार के अलावा अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं.



# चल समारोह में डीजे का उपयोग पूर्णत: रहेगा प्रतिबंधित, मिलने पर करेंगे जब्त

**झांकी बनाने मिलों को जिला प्रशासन देगा दो-दो लाख रुपए**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में झांकी व अखाड़ा संचालकों की बैठक**

**इंदौर. शहर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के अनंत चतुर्दशी चल समारोह को लेकर व्यापक तैयारियां जारी है, समारोह के दौरान की जाने वाली जिला प्रशासन और पुलिस की व्यवस्थाओं को लेकर आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में झांकी और अखाड़ा संचालकों तथा अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई.**

बैठक में अनंत चतुर्दशी चल समारोह के सुव्यवस्थित और प्रभावी आयोजन के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए. निर्णय लिया गया कि इंदौर की परंपरा को कायम रखने के लिए झांकी बनाने वाली मिलो को जिला प्रशासन द्वारा दो-दो लाख रुपए रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी. साथ ही निर्णय लिया गया कि समारोह के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। डीजे पाए जाने पर तुरंत जप्त कर लिया जायेगा. बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, डीसीपी हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### अनुशासन का रखें ध्यान

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी, उन्होंने कहा कि अनुशासन एवं समय का विशेष ध्यान रखें। सुरक्षा के सभी प्रबंध अखाड़ा व झांकी संचालक भी अपने स्तर से भी सुनिश्चित करें. ऐसी व्यवस्था बनाए रखें जिससे कि किसी को कोई परेशानी नहीं हो. उन्होंने कहा कि चल समारोह के दौरान हाथी, घोड़ा, ऊंट सहित अन्य जानवरों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा.

### समय पर निकालना होंगे

कलेक्टर ने कहा कि इंदौर की गौरवशाली परंपरा को हर हाल में कायम रखा जाए. परंपरा के अनुसार ही झांकी और अखाड़े निकाले जाए. डीजे का उपयोग किसी भी हालत में नहीं करें। डीजे पाए जाने पर उन्हें जप्त कर लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस बार झांकी और अखाड़ा संचालकों को अपनी झांकी और अखाड़े समय पर निकालने होंगे. अखाड़े और झांकी संचालन के संबंध में प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि सभी अखाड़े और झांकी नियम और निर्देशों का पालन करें.

# आमजन की समस्याओं का हो त्वरित समाधान

- कलेक्टर ने जिले के अधिकारियों को दिए निर्देश
- अमानक खाद बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**इंदौर. कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण एवं अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई.** बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बैनल, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में कलेक्टर श्री

इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी. कृषि संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य अभियान मोड में किया जाए. जिले के प्रत्येक किसान की रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण होनी चाहिए, ताकि कोई भी किसान शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहे.

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आमजन और किसानों से जुड़े सभी



**बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों को आमजन से संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में ऐसी व्यवस्था बनायी रखी जाए, जिससे कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिलती रहें.**

बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, अभियान तथा शासन के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की

सिंह ने अधिकारियों से कहा कि आरआरसी वसूली की रफ्तार और बढ़ाई जाए. सभी विभाग अपने लक्ष्य समय पर पूर्ण करें.

कार्यों को गंभीरता और जिम्मेदारी से करें. प्रत्येक अधिकारी समय-सीमा में कार्य पूर्ण कर जनता को राहत पहुँचाए.

### खाद उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. खाद की गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अमानक खाद बेचने वालों और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए. किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ अस्वीकार्य है.



## नंद उत्सव के दौरान मधुर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**इंदौर.** गुमाश्ता नगर स्थित तिरुपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान पर नन्द उत्सव के दौरान मंदिर परिसर हाथी घोडा पालकी - जय कन्हैयालाल की के गगनभेदी आवाज से गूंज उठा. कान्हा बने छोटे बच्चे को लाड दुलार के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े. रामायण मंडल के सूर्यप्रकाश झंवर, जानकीलाल काकानी व राम मूंदड़ा ने बताया कि वार्षिकोत्सव के तहत नन्द महोत्सव का आयोजन धूमधाम व उत्सवपूर्वक मनाया गया. संपूर्ण मंदिर परिसर को सजाया गया था एवं भगवान का भी नयनाभिराम श्रृंगार किया गया. वेंकटेश लाहोटी सनावद और मित्र मंडली ने भजन गाकर वहां मौजूद श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया. भजनों के बीच जैसे ही नन्द बाबा टोकरी में विराजित श्रीकृष्ण को लेकर पहुंचे तो पूरा माहौल हाथी घोडा पालकी - जय कन्हैयालाल की अनुगूंज से गूंज उठा. लाहोटी परिवार का बच्चा श्रीकृष्ण व भंडारी परिवार की बेटी राधा रानी बनी थी. इस अवसर पर गिरधरलाल सारडा, रामस्वरूप धूत, कमल पलोड, गोपाल मूंदड़ा तथा हरिवल्लभ सोमानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

## इंदौर स्मार्ट सिटी व निगम को आईजीबीसी ग्रीन सिटी प्लेटिनम सर्टिफिकेशन

**इंदौर. इंदौर शहर ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है. इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड एवं इंदौर नगर निगम को सीआईआई-इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ग्रीन सिटी प्लेटिनम सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया है. यह गौरव प्राप्त कर इंदौर मध्य प्रदेश का पहला एवं पूरे देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हो गया है, जिसे यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिली है.**

यह उपलब्धि इंदौर के सतत एवं हरित विकास की दिशा में पिछले कई वर्षों से किए गए सुनियोजित प्रयासों, पर्यावरण हितैषी पहल और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी का परिणाम है. बीते छह माह में शहर द्वारा किए गए कार्यों एवं पहलों से संबंधित विस्तृत डाटा प्रमाणन संस्था आईजीबीसी के साथ साझा किया गया, जिसके उपरांत यह प्रतिष्ठित मान्यता प्रदान की गई.



आईजीबीसी ग्रीन सिटी रेटिंग के अंतर्गत किसी शहर का मूल्यांकन मास्टर प्लानिंग, जल प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ई-गवर्नेंस, हरित आवरण, सार्वजनिक परिवहन एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विभिन्न आयामों पर किया जाता है. इंदौर ने इन सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह शीर्ष सम्मान हासिल किया है. यह प्रमाण पत्र सुनील चोरडिया अध्यक्ष, सीआईआई राष्ट्रीय समिति (एमएसएमई) द्वारा इंदौर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह (आईएएस) एवं नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा (आईएएस) को प्रदान किया गया. उल्लेखनीय है कि इंदौर मध्यप्रदेश का पहला एवं देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल, जिसे आईजीबीसी ग्रीन सिटी प्लेटिनम सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ. यह सम्मान इंदौर को भारत के उन चुनिंदा 32 शहरों की श्रेणी में शामिल करता है, जिन्हें आईजीबीसी ने हरित और टिकाऊ शहरी विकास हेतु मान्यता प्रदान की है.

### देश के लिए आदर्श प्रस्तुत किया

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान मध्यप्रदेश सरकार एवं इंदौर प्रशासन की सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है. इंदौर ने हरित शहर के रूप में अपने आपको स्थापित कर न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है.



## विद्यालय में होती है प्रतिभा की पहचान

**इंदौर.** दिल्ली पब्लिक स्कूलए राऊ में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ पालक संघ के प्रतिनिधि अनिरुद्ध सिरोठिया, विद्यालय की प्राचार्या आशा नायर तथा विद्यालय के उप प्राचार्य श्री राजेश कुमार शर्मा व वैशाली खरनाल के द्वारा दीप किया गया. प्राचार्या आशा नायर ने कहा कि छात्र-छात्राओं प्रतिभा ही विद्यालय की असली पहचान होती है. उनका हर क्षेत्र में आगे बढ़ना समाज के लिए प्रेरणा है. कार्यक्रम में सामान्य स्वागत के पश्चात भावपूर्ण संगीत प्रस्तुति और दो मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ सम्मिलित थी जिनमें विद्यालय के विद्यार्थियों की ऊर्जा और प्रतिभा की झलक दिखाई दी. इस अवसर पर कई विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किए गए - हरि मोहन गुप्ता पुरस्कार शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए, अभिषेक मोहन गुप्ता पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए, उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रवीणता पुरस्कार, बडिंग स्टार अवार्ड, आइकॉनिक मार्कर कप, मार्कर कप, शत प्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार, सीसीए पुरस्कार तथा गौरवपूर्ण स्टार टाईज, स्टार बैजेज और स्कॉलर बैजेज दिए गए. अंत में संस्कृतिक सचिव ऋद्धिमा पटेल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया. समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ.

## सुख-दुख हमारे कर्मों के फल

**इंदौर.** भगवान के शब्दकोष में सुख या दुख नाम का कोई शब्द है ही नहीं. सुख और दुख हमारे कर्मो का फल है. हम जैसे कर्म करेंगे, फल भी वैसे ही मिलेंगे. गंगा और अन्य नदियां तभी तक पूजनीय है, जब तक वे अपने किनारों की मर्यादा में बहती है. ये विचार हैं भागवताचार्य पं. लोकेशानंद शास्त्री के, जो उन्होंने सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में चंद्रभागा, जूनी इंदौर स्थित समाज के राधा-



कृष्ण मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व समाज के वरिष्ठजनों, अवध किशोर शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा, हरिश दुबे, जी.के. पाराशर, डॉ. अजय वशिष्ठ एवं प्रबोध उपमन्यु एवं प्रभाशंकर शर्मा ने व्यासपीठ का पूजन किया. अध्यक्ष पं. देवेन्द्र शर्मा, महासचवि संजय जारोलिया, भगवती शर्मा, अनिल शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने भक्तों की अगवानी की.

अतिथियों का स्वागत संजय बिरथरे, लीलाधर तीवारी, डॉ. अजय वशिष्ठ, बंटी पाराशर, बलवीर मंडोतिया, राधेश्याम शर्मा, सत्यप्रकाश पाठक, गगन दुबोलिया, दीपक बिरथरे, शुभम शर्मा, उत्कर्ष शर्मा, आदित्य बिरथरे, हेमंत मुदगला आदि ने किया. महासचिव संजय जारोलिया ने बताया कि पं. शास्त्री के श्रीमुख से कथा यह दिव्य आयोजन राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में 6 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक चलेगा.

## समाजजनों ने जाना मंदिर का इतिहास

**इंदौर.** पर्यूषण पर्व में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में क्लर्ककॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर परिसर में एक विशेष कार्यक्रम मंदिर की कहानी- अपनों की जुबानी- आज इतिहास स्वयं को दोहराएगा का आयोजन किया गया. अनूठे कार्यक्रम के जरिए जहां उन पुण्यात्माओं को भावपूर्ण स्मरण किया गया जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से मंदिर की नींव डाली और समाज को यह धरोहर सौंप गए. मंदिर की नींव रखने वाले वरिष्ठजनों एवं निर्माण कार्य में सहयोग देने वाले सभी धर्मानुरागियों को आमंत्रित कर उनकी वाणी से मंदिर के इतिहास को जानने का सुनहरा अवसर मिला. प्रवीण जैन ने बताया



कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ. इस कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका एवं संचालिका नीलम मनीष बड़जात्या रही. समाज के द्वारा ऐसे आधार स्तंभ का एवं उनके परिवार के लोगों का अभिवादन करके सम्मान किया गया. इस अवसर पर सम्मानीय प्रमुख रूप से एमके जैन विमलचंद गांधी, नवीन गोधा, रमेश जैन, दिलीप बज, सुभद्रा गोधा, पुष्पलता जैन पुष्पा जैन, चंदा बडजात्या, जिनेन्द्र जैन, सुभाष गोधा, संजय काका उपस्थित थे. अध्यक्षता एसके सोगानी द्वारा की गई. उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नींव से जुड़े रहने की प्रेरणा देते है.

एक नजर में | ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से स्टेट प्रेस क्लब के रूबरू कार्यक्रम में, गोवा में एक माह तक चलेगा शतरंज का वर्ल्डकप

# भारतीय खिलाड़ियों के लिए बेहतर स्पॉन्सरशिप की दरकार

**इंदौर. शतरंज का वर्ल्ड कप 2025 गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है. 23 साल बाद भारत में हो रहे इस वर्ल्ड कप में दुनिया भर के 250 से अधिक शतरंज खिलाड़ी भाग लेंगे.**

उक्त जानकारी शतरंज में भारत के तीसरे ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से ने दी. श्री थिप्से स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहे थे. उन्होंने बताया कि वर्ल्ड कप विजेता, उप-विजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शामिल होने का मौका पाएंगे. वर्ल्ड कप की पुरस्कार राशि लगभग 17.5 करोड़ रूपये है।

उन्होंने बताया कि वर्ल्ड कप के लिए 21 भारतीय खिलाड़ियों में डी गुकेश, आर प्रज्ञानंदधा, अर्जुन एरिगैसी, निहाल सरिन,



अरविंद चितांबरम, मुरली कार्तिकेयन, दीप्तायन घोष, ललित बाबू एमआर एवं विदित गुजराती के नाम प्रमुख हैं.

श्री थिप्से ने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ को सुझाव दिया कि गोवा वर्ल्ड कप के पश्चात् 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ीयों के लिए आकर्षक स्पॉन्सरशिप की घोषणा तत्काल की जाना चाहिए ताकि खिलाडियों में प्रतिस्पर्धा की भावना आ सके।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दुनिया के आठ श्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेते हैं. प्रारंभ में श्री थिप्से का स्वागत प्रवीण खारीवाल, राजू घोलप, संजय मेहता, दीपक माहेश्वरी एवं मनीष निगम ने किया. कार्टूनिस्ट गोविन्द लाहोटी 'कुमार' ने कैरिकेचर भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन पुष्कर सोनी ने किया. आभार आलोक बाजपेयी ने माना.

### सही समय और उचित निर्णय का महत्व

श्री थिप्से ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में शतरंज खेल की लोकप्रियता में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है. अभी भी दक्षिण भारत में शतरंज के प्रति ज्यादा रुझान है वहां स्कूल काल से ही शतरंज के श्रेष्ठ खिलाड़ी तैयार हो जाते हैं. उन्होंने इस बात से इंकार किया शतरंज केवल दिमागी खेल है. यदि ऐसा होता तो दुनिया के सारे बुद्धिमान लोग शतरंज के चैम्पियन होते. शतरंज में सही समय और उचित निर्णय का अधिक महत्त्व है. यह भी सही है कि शतरंज खिलाड़ी के जीवन में पर्याप्त धैर्य आ जाता है जो जीवन पर्यंत काम आता है.